भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1811

जिसका उत्तर 05.12.2024 को दिया जाना है

धुबरी-फुलबारी पुल परियोजना

1811. मोहम्मद रकीबुल हुसैनः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) धुबरी-फुलबारी पुल परियोजना के पूरा होने की अनुमानित समय-सीमा क्या है तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने असम लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित 3,000 किलोमीटर नए राष्ट्रीय राजमार्ग के पूरा होने के लिए कोई समय-सीमा और रूपरेखा तय की है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) असम/मेघालय राज्यों में एनएच-127बी पर ब्रह्मपुत्र नदी पर धुबरी और फूलबारी को जोड़ने वाला पुल वर्तमान में निर्माणाधीन है, जिसकी वर्तमान वास्तविक प्रगति 53.27% है। संविदा करार के अनुसार इसके पूरा होने की निर्धारित तिथि 12.09.2028 है।

(ख) और (ग) किसी परियोजना के पूरा होने की समयावधि परियोजना के प्रकार एवं आकार तथा कार्य करने लायक मौसम की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए परियोजना के संविदा करार में निर्दिष्ट की जाती है। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का पूरा होना ऋण भार-मुक्त भूमि की उपलब्धता, वन मंजूरी, पर्यावरण मंजूरी, जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण, ठेकेदार की वित्तीय स्थिति आदि पर निर्भर है। असम राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी निर्माणाधीन परियोजनाएं, जिन्हें असम पीडब्ल्यूडी को सौंपा गया है, उनकी पूरा होने की निर्धारित/संशोधित तिथि 2025 में हैं।

*****